भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या- 2933
उत्तर देने की तारीख-18/03/2026

आंध्र प्रदेश में नाडु-नेडु योजना

2933 श्री येरेम वेंकट सुब्बा रेड्डी:

क्या ***शिक्षा*** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या केन्द्र सरकार को इस बात की जानकारी है कि आंध्र प्रदेश सरकार ने पहले सभी सरकारी स्कूलों में बुनियादी ढांचा उपलब्ध कराने के लिए नाडु-नेडु योजना लागू की थी;
(ख) क्या समग्र शिक्षा के अंतर्गत सरकारी/सहायता प्राप्त स्कूलों में स्मार्ट क्लासरूम स्थापित करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की गई है;
(ग) यदि हां, तो पिछले पांच वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान आंध्र प्रदेश सरकार से स्मार्ट क्लासरूम स्थापित करने के लिए प्राप्त प्रस्तावों का वर्ष-वार और जिला-वार ब्यौरा क्या है; और
(घ) उपरोक्त अवधि के दौरान आंध्र प्रदेश में स्मार्ट क्लासरूम के लिए अनुमोदित और खर्च की गई धनराशि का वर्ष-वार और जिला-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री जयन्त चौधरी)

(क): आंध्र प्रदेश राज्य सरकार से प्राप्त जानकारी के अनुसार, सभी सरकारी स्कूलों में बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने के लिए वर्ष 2019-20 से 2023-24 के दौरान नाडु-नेडु योजना लागू की गई थी।

(ख): केन्द्रीय प्रायोजित योजना समग्र शिक्षा के अंतर्गत स्मार्ट क्लासरूम की स्थापना सहित स्कूल अवसंरचना में सुधार करने के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। समग्र शिक्षा के तहत, 'आईसीटी और डिजिटल पहल' घटक में छठी से बारहवीं कक्षा वाले सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूल शामिल हैं। इस घटक के तहत निम्नलिखित मानदंडों के अनुसार स्कूलों में आईसीटी प्रयोगशालाओं और स्मार्ट कक्षाओं की स्थापना के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है -

<u>आईसीटी लैब्स और स्मार्ट क्लासरूम-प्रोग्रामेटिक मानदंड:</u>

आईसीटी और डिजिटल पहल' के तहत गैर-आवर्ती/आवर्ती अनुदान निम्नलिखित दो विकल्पों हेतु राज्यों के लिए उपलब्ध है: -

(i). विकल्प I: इस विकल्प के तहत जिन स्कूलों ने पहले आईसीटी सुविधा का लाभ नहीं उठाया है, वे या तो अपनी आवश्यकता और जरुरत के अनुसार आईसीटी लैब या स्मार्ट क्लासरूम का विकल्प चुन सकते हैं। 700 से अधिक नामांकन के मामले में, एक अतिरिक्त आईसीटी प्रयोगशाला पर भी विचार किया जा सकता है। राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के पास टैबलेट/लैपटॉप/नोटबुक/एकीकृत शिक्षण अधिगम उपकरण और ओपन-सोर्स ऑपरेटिंग सिस्टम के साथ-साथ हार्डवेयर, सॉफ्टवेयर, प्रशिक्षण और संसाधन सहायता जैसे हार्डवेयर की खरीद करने की छूट है। इसमें स्वीकृत स्कूलों की संख्या के लिए आनुपातिक आधार पर डिजिटल बोर्ड, स्मार्ट क्लासरूम, वर्चुअल क्लासरूम और डीटीएच चैनलों के लिए समर्थन शामिल होगा।

(ii). विकल्प II: इस विकल्प के तहत जिन स्कूलों ने पहले से ही आईसीटी लैब सुविधा का लाभ उठाया है, वे योजना के मानदंडों के अनुसार स्मार्ट क्लासरूम/टैबलेट का लाभ उठा सकते हैं।

<u>आईसीटी लैब्स और स्मार्ट क्लासरूम-वित्तीय मानदंड:</u>

आईसीटी लैब्स: 5 वर्ष की अवधि के लिए प्रति स्कूल 6.40 लाख रुपये तक का गैर-आवर्ती अनुदान और 2.40 लाख रुपये प्रति स्कूल प्रति वर्ष का आवर्ती अनुदान। वर्ष 2023-24 से, यह योजना स्कूल नामांकन के आधार पर चरण-वार वित्त पोषण भी प्रदान करती है। (संख्या <100: 2.5 लाख रुपये, 100 से 250 के बीच की संख्या: 4.5 लाख रुपये, 250 से 700 के बीच की संख्या: 6.4 लाख रुपये)

स्मार्ट क्लासरूम: स्मार्ट क्लास रूम (प्रति स्कूल 2 स्मार्ट क्लासरूम) के लिए गैर-आवर्ती अनुदान 2.40 लाख रुपये है और आवर्ती अनुदान 38,000 रुपये प्रति स्कूल प्रति वर्ष (ई सामग्री और डिजिटल संसाधन, बिजली के लिए शुल्क सहित) है।

(ग): आंध्र प्रदेश राज्य सरकार से प्राप्त जानकारी के अनुसार, वर्ष 2021-22 से 2025-26 तक स्मार्ट क्लासरूम की स्थापना के लिए प्राप्त प्रस्तावों का वर्ष-वार और जिला-वार ब्यौरा अनुलग्नक-I में दिया गया है।

(घ): आंध्र प्रदेश राज्य सरकार से प्राप्त जानकारी के अनुसार, आंध्र प्रदेश में वर्ष 2021-22 से 2025-26 तक स्मार्ट क्लासरूम के लिए आवंटित और उपयोग की गई निधियों का वर्ष-वार और जिला-वार ब्यौरा अनुलग्नक-II में दिया गया है।

*****

अनुलग्नक -I

आंध्र प्रदेश में नाडु-नेडु योजना के संबंध में माननीय संसद सदस्य श्री येर्रम वेंकट सुब्बा रेड्डी द्वारा दिनांक 18.03.2026 को पूछे गए राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2933 के भाग (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

वर्ष 2021-22 से 2025-26 तक स्मार्ट क्लासरूम स्थापित करने के लिए आंध्र प्रदेश सरकार से प्राप्त प्रस्तावों का वर्ष-वार और जिला-वार ब्यौरा

(रुपये लाख में)

क्र. सं.	जिले का नाम	2021-2022		2022-2023		2023-2024		2024-25		2025-26	
		भौतिक	वित्तीय	भौतिक	वित्तीय	भौतिक	वित्तीय	भौतिक	वित्तीय	भौतिक	वित्तीय
1	अनकापल्ली	0	0.00	0	0.00	0	0.00	124	297.60	21	50.40
2	अनंतपुर	215	516.00	0	0.00	257	616.80	87	208.80	145	348.00
3	अन्नमय्या	0	0.00	0	0.00	0	0.00	71	170.40	41	98.40
4	अस्र	0	0.00	0	0.00	0	0.00	66	158.40	89	213.60
5	बापतला	0	0.00	0	0.00	0	0.00	55	132.00	48	115.20
6	चित्तूर	218	523.20	260	624.00	247	592.80	64	153.60	91	218.40
7	पूर्वी गोदावरी	225	540.00	0	0.00	345	828.00	23	55.20	37	88.80
8	एलुरु	0	0.00	0	0.00	0	0.00	57	136.80	31	74.40
9	गुंटूर	166	398.40	15	36.00	200	480.00	62	148.80	37	88.80
10	कडपा	92	220.80	0	0.00	213	511.20	56	134.40	87	208.80
11	काकीनाडा	0	0.00	0	0.00	0	0.00	40	96.00	69	165.60
12	कोनासीमा	0	0.00	0	0.00	0	0.00	48	115.20	53	127.20
13	कृष्ण	204	489.60	0	0.00	210	504.00	49	117.60	47	112.80
14	कुरनूल	194	465.60	38	91.20	284	681.60	110	264.00	85	204.00
15	मन्याम	0	0.00	0	0.00	0	0.00	91	218.40	42	100.80
16	नांदयाल	0	0.00	0	0.00	0	0.00	54	129.60	56	134.40
17	नेल्लोर	185	444.00	95	228.00	212	508.80	54	129.60	56	134.40
18	एनटीआर	0	0.00	0	0.00	0	0.00	57	136.80	50	120.00
19	पलनाडु	0	0.00	0	0.00	258	619.20	104	249.60	73	175.20
20	प्रकाशम	180	432.00	0	0.00	0	0.00	75	180.00	100	240.00
21	श्री सत्यसाईं	0	0.00	0	0.00	0	0.00	66	158.40	113	271.20
22	श्रीकाकुलम	263	631.20	0	0.00	105	252.00	251	602.40	83	199.20
23	तिरुपति	0	0.00	0	0.00	0	0.00	62	148.80	27	64.80
24	विशाखापत्तनम	162	388.80	27	64.80	251	602.40	44	105.60	6	14.40
25	विजयनगरम	134	321.60	0	0.00	189	453.60	80	192.00	80	192.00
26	पश्चिम गोदावरी	179	429.60	0	0.00	376	902.40	36	86.40	16	38.40

अनुलग्नक -II

आंध्र प्रदेश में नाडु-नेडु योजना के संबंध में माननीय संसद सदस्य श्री येर्रम वेंकट सुब्बा रेड्डी द्वारा दिनांक 18.03.2026 को पूछे गए राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2933 के भाग (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

वर्ष 2021-22 से 2025-26 के दौरान आंध्र प्रदेश में स्मार्ट क्लासरूम के लिए आवंटित और उपयोग की गई निधि का वर्षवार और जिलावार ब्यौरा

(रुपये लाख में)

क्र. सं.	जिले का नाम	2021-2022		2022-2023		2023-2024		2024-25		2025-26	
		आवंटन	उपयोग	आवंटन	उपयोग	आवंटन	उपयोग	आवंटन	उपयोग	आवंटन	□□□□ ग
1	अनकापल्ली	0.00	0.00	0	0.00	0	0	216	0.00	261.6	0.00
2	अनंतपुर	283.20	0.00	283.2	0.00	899.8	900	98.4	4.80	434.4	0.00
3	अन्नमय्या	0.00	0.00	0	0.00	0	0	43.2	0.00	141.6	0.00
4	अस्र	0.00	0.00	0	0.00	0	0	14.4	0.00	204	0.00
5	बापतला	0.00	0.00	0	0.00	0	0	38.4	0.00	146.4	0.00
6	चित्तूर	208.80	0.00	832.8	0.00	1425.8	1425.6	12	0.00	223.2	0.00
7	पूर्वी गोदावरी	223.20	0.00	223.2	0.00	1051	1051.2	19.2	4.80	103.2	0.00
8	एलुरु	0.00	0.00	0	0.00	0	0	45.6	0.00	112.8	0.00
9	गुंटूर	232.80	0.00	268.8	0.00	749	748.8	93.6	2.40	172.8	0.00
10	कडपा	88.80	0.00	88.8	0.00	600.2	600	28.8	2.40	228	0.00
11	काकीनाडा	0.00	0.00	0	0.00	0	0	31.2	0.00	196.8	0.00
12	कोनासीमा	0.00	0.00	0	0.00	0	0	96	0.00	220.8	0.00
13	कृष्ण	201.60	0.00	201.6	0.00	706	705.6	43.2	2.40	148.8	0.00
14	कुरनूल	252.00	0.00	343.2	0.00	1024.6	1024.8	132	2.40	328.8	0.00
15	मन्याम	0.00	0.00	0	0.00	0	0	14.4	0.00	110.4	0.00
16	नांदयाल	0.00	0.00	0	0.00	0	0	64.8	0.00	194.4	0.00
17	नेल्लोर	177.60	0.00	405.6	0.00	914.8	914.4	38.4	2.40	141.6	0.00
18	एनटीआर	0.00	0.00	0	0.00	0	0	72	0.00	187.2	0.00
19	पलनाडु	196.80	0.00	196.8	0.00	816.2	816	112.8	0.00	271.2	0.00
20	प्रकाशम	0.00	0.00	0	0.00	0	0	43.2	2.40	266.4	0.00
21	श्री सत्यसाईं	0.00	0.00	0	0.00	0	0	50.4	0.00	321.6	0.00
22	श्रीकाकुलम	300.00	0.00	300	0.00	552	552	81.6	2.40	264	0.00
23	तिरुपति	0.00	0.00	0	0.00	0	0	14.4	0.00	72	0.00
24	विशाखापत्तनम	153.60	0.00	218.4	0.00	820.4	820.8	86.4	2.40	98.4	0.00
25	विजयनगरम	136.80	0.00	136.8	0.00	590.6	590.4	45.6	2.40	230.4	0.00
26	पश्चिम गोदावरी	175.20	0.00	175.2	0.00	1077.4	1077.6	43.2	2.40	72	0.00

*****